Nirwan University Jaipur

Established by the Rajasthan State Legislature vide Act No. 2 of 2017 and recognised u/s 2(f) of the UGC Act 1956

**Ref.No. NUJ/REG/2025/4125** **Date: 15-04-2025**

# नोटिस

**विषय: UG/PG सत्र 2024-25 के छात्रों द्वारा लंबित दस्तावेज़ एवं माइग्रेशन सर्टिफिकेट शीघ्र जमा कराने के संबंध में**

निर्वाण विश्वविद्यालय के सभी छात्रों को सूचित किया जाता है कि जिन्होंने UG एवं PG सत्र 2024-25 में प्रवेश लिया है और जिन्होंने अभी तक अपने आवश्यक शैक्षणिक व अन्य आवश्यक दस्तावेज़ विश्वविद्यालय में जमा नहीं किए हैं, वे कृपया अपने सभी लंबित दस्तावेज़ शीघ्रातिशीघ्र विश्वविद्यालय में जमा करें।

निम्नलिखित दस्तावेज़ों का जमा करना अनिवार्य है:

- 10वीं और 12वीं की अंकतालिकाएं
- स्नातक की अंकतालिका (यदि लागू हो)
- ट्रांसफर सर्टिफिकेट (TC)
- चरित्र प्रमाण पत्र
- माइग्रेशन सर्टिफिकेट (अनिवार्य) / माइग्रेशन सर्टिफिकेट उपलब्ध न होने पर आवश्यक शपथ पत्र
- आधार कार्ड की प्रति
- पासपोर्ट साइज फोटो
- अन्य आवश्यक शैक्षणिक या पहचान संबंधी दस्तावेज़

कृपया विशेष रूप से ध्यान दें कि माइग्रेशन सर्टिफिकेट उन सभी छात्रों के लिए अनिवार्य है जिन्होंने अपनी पिछली शिक्षा किसी अन्य बोर्ड/विश्वविद्यालय से प्राप्त की है। माइग्रेशन सर्टिफिकेट की अनुपस्थिति में छात्र का अस्थायी अनुक्रमांक, परीक्षा फार्म भरने, छात्रवृत्ति तथा अन्य शैक्षणिक सुविधाओं में बाधा आ सकती है।

सभी छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने दस्तावेज़ समय-सीमा के भीतर पूर्ण रूप से जमा करें, ताकि आगे की शैक्षणिक प्रक्रिया निर्बाध रूप से संचालित हो सके। निर्धारित समय पर दस्तावेज़ों की पूर्ति न करने की स्थिति में छात्रों को अस्थायी अनुक्रमांक (Temporary Enrollment Number) प्रदान नहीं किया जाएगा। यदि किसी छात्र को पहले ही अनुक्रमांक जारी कर दिया गया है, तो ऐसे मामलों में उसका अनुक्रमांक निरस्त (Cancel) कर दिया जाएगा।

साथ ही, विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्षों/प्राचार्यों से अनुरोध है कि वे अपने-अपने विभागों के छात्रों को इस सूचना से अवगत कराएं और यह सुनिश्चित करें कि सभी छात्र अपने दस्तावेज़ शीघ्र जमा करें।

कुलसचिव
निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर

www.nirwanuniversity.ac.in info@nirwanuniversity.ac.in
www.facebook.com/nirwanuniversity www.linkedin.com/company/nirwanuniversity
+91 9289800300 Nirwan University, Near Bassi-Rajadhok Toll

Scanned with OKEN Scanner